# सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
## पालमपुर – 176 061 (हि.प्र.)
## CSIR-Institute of Himalayan Bioresource Technology Palampur – 176 061 (H.P.)

सीएसआईआर-आईएचबीटी व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण फसलों की बेहतर उपज के लिए सूक्ष्मजीवी सूत्रीकरण (माइक्रोबियल फॉर्मूलेशन) के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।


सीएसआईआर-आईएचबीटी ने व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण फसलों की बेहतर उपज के लिए माइक्रोबियल फॉर्मूलेशन हेतु प्रौद्योगिकी के लाइसेंस के लिए उद्योगों/एसएमई/प्रगतिशील उद्यमियों के इच्छुक पक्षों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।

सीएसआईआर-आईएचबीटी ने आठ कवकीय प्रजातियों से युक्त एक एंडोफाइट्स कंसोर्टियम-आधारित माइक्रोबियल फार्मूलेशन विकसित किया है, जिसमें *वेलेरियाना जटामांसी* में वृद्धि, बायोमास और सेकेंडरी मेटाबोलाइट उपज को बढ़ाने की क्षमता है। यह फार्मूलेशन खाद्य फसलों की वृद्धि और बायोमास में भी सुधार करता है, तथा औषधीय और कृषि क्षेत्रों में दोहरे अनुप्रयोग प्रदान करता है।

**मुख्य विशेषताएं:**

• यह सूत्रीकरण औषधीय पौधों में प्ररोह और जड़ के बायोमास, उनके द्वितीयक चयापचयों (सेकेंडरी मेटाबोलाइट ) और सगंध तेल की उपज में उल्लेखनीय वृद्धि करता है (वेलेरियाना जटामांसी पर परीक्षित)।

• यह फार्मूला बीज अंकुरण, पौधों की वृद्धि और खाद्य फसलों के बायोमास में सुधार करता है (मटर और मक्का पर मान्य/वेलिडेट)।



आवेदन में कंपनी प्रोफाइल और विपणन रणनीतियों का विवरण शामिल होना चाहिए। चयनित पार्टियों को चर्चा के लिए बुलाया जाएगा। इच्छुक पार्टियां एक सीलबंद कवर में)" अभिरूचि की अभिव्यक्ति) ईओआई " उल्लिखित करके निम्न पते पर अपना विवरण भेज सकती हैं।

**निदेशक**
सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
पोस्ट बॉक्स. संख्या 6, पालमपुर - 176 061 (हि.प्र.)
ईमेल: director@ihbt.res.in, फोन: + 91-1894-230411
फैक्स: + 91-1894-230433

या

**समन्वयक**
व्यापार विकास एवं विपणन इकाई (बीडीएमयू)
सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान
पोस्ट बॉक्स. संख्या 6, पालमपुर - 176 061 (हि.प्र.)
ईमेल: bdmu@ihbt.res.in .-+91-1894-233339
Ext. 393